जन सहयोग शिविर में 35 मामलों का निष्पादन

फलका (कटिहार) आससे। ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से फलका प्रखंड के सोहथा उत्तरी पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन, गांधी ग्राम बरेटा में जन सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निब्टारा किया। वहीं, विभिन्न विभागों से संबंधित 110 नए आवेदन प्राप्त हुए, जबकि पूर्व के 35 आवेदनों का निष्पादन किया गया।शिविर का विधिवत उद्घाटन कोढ़ा विधायक कविता पासवान, बीडीओ सन्नी सौरभ, मुखिया चंदना झा, मुखिया विनोद मिर्धा, सरपंच प्रभा देवी, जिला पार्षद प्रतिनिधि बलराम साह, मनरेगा पीओ ऋषि प्रकाश, प्रभारी बीईओ रूपेश कुमार, सीडीपीओ पुष्पा कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि संजय झा, अमित गुप्ता, रमण झा, एवं डोमन चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। ग्रामीणों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए शिविर में राजस्व, भू-सर्वेक्षण, विद्युत, सामाजिक सुरक्षा, जन



वितरण प्रणाली, स्वास्थ्य, जीविका समेत विभिन्न विभागों के अलग-अलग काउंटर लगाए गए थे। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पात्र लाभुकों का आयुष्मान भारत कार्ड बनाया तथा पहले से निर्गत कार्डों में मौजूद त्रुटियों को भी मौके पर सुधारा। इस दौरान विधायक कविता पासवान ने पांच पात्र लाभुकों के बीच शौचालय निर्माण की राशि के भुगतान से संबंधित स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए।शिविर को संबोधित करते हुए विधायक कविता पासवान ने कहा कि जन सहयोग शिविर का मूल उद्देश्य ग्रामीणों को छोटी-बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए जिला एवं अनुमंडल कार्यालयों का चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाना है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकारी सेवाओं को पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है।

वहीं मुखिया ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। पंचायत स्तर पर इस तरह के शिविर आयोजित होने से ग्रामीणों को एक ही छत के नीचे विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं, जिससे उनका समय और श्रम दोनों बच रहा है।बीडीओ सन्नी सौरभ ने बताया कि शिविर में पूर्व से लंबित 35 आवेदनों का निष्पादन किया गया है, जबकि विभिन्न विभागों से संबंधित 110 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं। सभी आवेदनों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादित करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।इस अवसर पर कृष्णा आदित्य, राजेश मंडल, नवीन कुमार निराला सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष निर्वाचित हुए सेवक दीपक यादव

बनमनखी पूर्णिया आससे। बनमनखी युवा कांग्रेस संगठनात्मक चुनाव में सेवक दीपक यादव बनमनखी प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष निर्वाचित किया गया हैं जीत पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

जानकारी के अनुसार बनमनखी प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे जिसमें की सेवक दीपक यादव सर्वदिक 229 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की उन्होंने अपने निकटतम उम्मीदवार को पीछे छोड़ते हुए अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया उनकी जीत से समर्थकों ओर युवा साथी युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है।

बधाई देने वाले में पूर्व विधायक सह पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस बनमनखी विधानसभा देवनारायण रजक,पैक्स अध्यक्ष आलोक कुमार अकेला, सेवक गौरव आनंद, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष प्रेमशंकर भगत, सुमित यादव, सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश कुमार राय, प्रतिष्ठित व्यवसायी विकास सुराणा,गोपाल सिंह सांसद प्रतिनिधि निगरानी कमिटी कारण यादव युवा प्रदेश अध्यक्ष सोनू यादव संजीत यादव विकाश यादव मनीष अंकित सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा
(Email Id- eescd.mrh@gmail.com)
(Mob. No- 7463889600)
अल्पकालीन नीलामी सूचना सं0–01/2026–27

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन प्रमंडल पदाधिकारी,गोपालगंज वन प्रमंडल ,गोपालगंज का पत्रांक 3093 दिनांक 27.10.2026 के द्वारा प्राप्त मुल्यांकन के आधार पर एवं बिहार लोक निर्माण विभाग संहिता नियमावली के नियम 294iii(1) के आलोक में सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा अन्तर्गत पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली के पुनर्स्थापन कार्य में बाधक वृक्षों के पातन कर अस्थायी वनागार , सारण नहर अवर प्रमंडल मढ़ौरा के कैम्पस में रखे गये लकड़ियों का निलामी प्रक्रिया के तहत् निम्नांकित शर्तों के अधीन दिनांक 26.11.2026 अपराह्न 3:00 बजे से नीलामी किया जायेगा।

ग्रुप सं0	प्रमंडल/कार्यालय का नाम	लकड़ियों का विवरण	निलामी की न्यूनतम बोली (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)
1	2	3	4	5
01	सारण नहर प्रमंडल मढ़ौरा	संलग्न सूची के अनुसार	1736680.00	347400.00 (20% नीलामी की न्यूनतम बोली का)

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 014745 (WRD) 2026-27

(ई० मिथिलेश कुमार)
कार्यपालक अभियन्ता
सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

राहुल गांधी को बांग्लादेश भेज देंगे वो वहीं पर चुनाव लड़ें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वोट नहीं बल्कि दिल चुरा रहे हैं : हिमंत सरमा

पूर्णिया (आससे)। बिहार के पूर्णिया में भारतीय जनता पार्टी की ओर से %लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ% पदयात्रा निकाली गई, जिसमें असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने विशेष तौर पर शिरकत की। इस दौरान उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा तंज कसा और कहा कि राहुल गांधी को बांग्लादेश भेज देना चाहिए ताकि वे वहीं जाकर चुनाव लड़ सकें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वोट नहीं बल्कि जनता का दिल चुरा रहे हैं।



मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने विपक्ष द्वारा लगाए जाने वाले वोट चोरी के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि आप वोट चोरी का आरोप लगाते रहिए, लेकिन भाजपा देश की जनता का दिल चुराती रहेगी। सीमांचल, असम और बंगाल का जिक्र करते हुए उन्होंने मांग की कि वोटर लिस्ट से बाबर और औरंगजेब के नाम काटे जाने चाहिए। उन्होंने जनता से सवाल किया कि क्या वोटर लिस्ट से ऐसे नाम काटना गलत है और चुनाव आयोग से अपील की कि इस प्रक्रिया को जारी रखा जाए।

ईवीएम के मुद्दे पर विपक्ष के दोहरे चरित्र की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि जब राहुल गांधी, उनके सहयोगी पप्पू यादव या अन्य विपक्षी नेता ईवीएम के जरिए चुनाव जीतते हैं, तब ईवीएम अच्छी होती है, लेकिन जब वे हार जाते हैं तो ईवीएम को खराब बता दिया जाता है। उन्होंने कहा कि केरल में चुनाव जीतने पर ईवीएम सही लगती है, जबकि असम और बिहार में हारने पर उस पर सवाल उठाए जाते हैं। राम मंदिर के निर्माण का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 500 साल बाद बाबरी मस्जिद के स्थान पर राम मंदिर का निर्माण होना जनता के दिलों को जीतने जैसा है। भाजपा ने बाबरी मस्जिद की जगह राम मंदिर बनाकर और वोटर लिस्ट से बाबर व औरंगजेब जैसे नाम हटाकर देश के वोटर्स का दिल चुराया है।

असम के मुख्यमंत्री ने पूर्णिया में सांसद पप्पू यादव और विपक्ष पर बोला तीखा हमला

पूर्णिया (आससे)। बिहार के पूर्णिया में भारतीय जनता पार्टी की ओर से %लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ% पदयात्रा के दौरान एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अपने इस दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य की राजनीति और विपक्ष पर जमकर निशाना साधा और पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को सीधे तौर पर आड़े हाथों लिया।



जनसभा को संबोधित करते हुए असम के मुख्यमंत्री ने ईवीएम के मुद्दे पर विपक्ष को घेरते हुए पप्पू यादव के इस्तीफे की मांग तक कर डाली। उन्होंने सभा में मौजूद जनसमूह से सीधा सवाल किया कि क्या सांसद पप्पू यादव ईवीएम के जरिए चुनाव जीतकर आए हैं या फिर बैलेट पेपर से? जनता की तरफ से %ईवीएम% से जीतने की पुष्टि मिलने पर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर विपक्ष और खुद सांसद के नजरिए से ईवीएम पर सवाल उठाए जाते हैं और यह प्रक्रिया संदेहास्पद लगती है, तो नैतिकता का तकाजा यही कहता है कि पप्पू यादव को अपनी सांसद पद से तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। राजनीतिक गलियारों में असम के मुख्यमंत्री के इस बयान के बहुत गहरे मायने निकाले जा रहे हैं। हाल के दिनों में कई मुद्दों को लेकर सांसद पप्पू यादव लगातार राजनीतिक चर्चा और सुर्खियों के केंद्र में बने हुए हैं। ऐसे गरमाए हुए और संवेदनशील राजनीतिक माहौल के बीच पूर्णिया की धरती से एक बड़े नेता द्वारा किया गया यह सीधा जुबानी हमला आने वाले दिनों में राज्य की सियासत को और अधिक गरमा सकता है।

बिहार सरकार

समाहरणालय समस्तीपुर
(जिला नजारत शाखा)
अल्पकालीन निविदा का शुद्धि–पत्र

समस्तीपुर जिला अन्तर्गत बिहार कला संस्कृति विभाग द्वारा दिनांक–22.11.2026, 23.11.2026 एवं 24.11.2026 को विद्यापति राजकीय महोत्सव 2026 का आयोजन होना निर्धारित है। इस अवसर पर स्टेज, पंडाल, लाईट एण्ड साउण्ड, जेनरेटर, कुर्सी, टेबुल आदि का अधिष्ठापन एवं अल्पाहार, भोजनादि, आवासन व्यवस्था तथा पेंटिंग/हस्तशिल्प का कार्यशाला/प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, उद्घाटन एवं समापन समारोह का आयोजन होना है। साथ ही उक्त राजकीय समारोह के प्रसार प्रसार हेतु होर्डिंग, साईन बोर्ड की आवश्यकता है।

उक्त कार्य हेतु दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन संख्या–PR No-014363 (Art & Culture) 26-27 द्वारा एवं जिला के वेबसाईट पर प्रकाशित विज्ञापन के तकनीकी निविदा के नियम एवं शर्ते के कंडिका–05 में अंकित फर्म का Chartered Accountant द्वारा सत्यापित विगत तीन वर्ष 2023–24, 2024–25 एवं 2025–26 का वार्षिक टर्न ओवर न्यूनतम 50,00,000.00 (पचास लाख) रूपये का प्रमाण–पत्र (Profit & Loss A/c एवं Balance Sheet) स्व–अभिप्रमाणित प्रति समर्पित करने का सूचना प्रकाशित है, उक्त निविदा के कंडिका–05 में आंशिक संशोधन करते हुए फर्म का Chartered Accountant द्वारा सत्यापित विगत तीन वर्ष 2023–24, 2024–25 एवं 2025–26 का वार्षिक टर्न ओवर न्यूनतम प्रत्येक वर्ष का 50,00,000.00 (पचास लाख) रूपये अथवा तीनों वित्तीय वर्ष मिलाकर 1,00,00,000.00 (एक करोड़) रूपया का प्रमाण–पत्र (Profit & Loss A/c एवं Balance Sheet) स्व–अभिप्रमाणित प्रति समर्पित करना पढ़ा जाय।

सभी निविदादाता पूर्व विज्ञापन के निविदा में अन्य सभी शर्तें यथावत् रहेगा।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

जिला पदाधिकारी,
समस्तीपुर

PR. No. 014742 (Art & Culture) 2026-27


नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद, कार्यपालक पदाधिकारी ने जन आकांक्षी योजनाओं पर दिया बल

अमदाबाद (कटिहार) आससे। अमदाबाद नगर पंचायत में मुख्य पार्षद बबलू मंडल की अध्यक्षता में एवं कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद कुमार, उपमुख्य पार्षद पृथ्वी मंडल की उपस्थिति में विभिन्न वार्ड पार्षद के साथ मासिक बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में छठ घाटों के साथ-सफाई के साथ ही नगर पंचायत की साफ सफाई सहित उन बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मुख्य पार्षद बबलू मंडल ने बताया कि छठ पर्व को लेकर नगर पंचायत में 12 छठ घाट चिन्हित किए गए हैं,जिसकी साफ-सफाई को लेकर बैठक में चर्चा की गई। नगर पंचायत की ओर से चेंजिंग रूम लाइटिंग इत्यादि की व्यवस्था की जाएगी। वहीं कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि छठ, दीपावली को लेकर पूरे नगर पंचायत को साफ व स्वच्छ करने को लेकर बैठक आयोजित की गई है। पर्व के दौरान लाइट आदि की व्यवस्था सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं करने सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। नगर पंचायत में करीब दो माह से जल संयंत्र से पानी की सप्लाई बंद रहने के सवाल पर कहा कि पीएचडी को नगर पंचायत को हैंडोवर कर दिया गया है। प्लांटों के रखरखाव संचालन आदि को लेकर नगर पंचायत की ओर से टेंडर किया जाएगा। जिसकी प्रक्रिया चल रही है। एक डेढ़ माह में इसे पूरा कर लिया जाएगा। वहीं नगर पंचायत की ओर से शुद्ध पेयजल हेतु लगाए गए कई प्लांट से भी पानी की सप्लाई बंद है। इस संबंध में कहा कि करीब 10 स्थान पर शुद्ध व शीतल पेयजल के लिए प्लांट लगा है। उसकी देखरेख के लिए स्थानीय स्तर पर कर्मी रखा गया है। अगर कहीं पानी की सप्लाई बाधित है, तो उसे दुरुस्त कर लिया जाएगा। बैठक के दौरान मौजूद वार्ड पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड की समस्याओं को उठाया, जिसमें जरूरी स्थान पर लाइटिंग, सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य व्यवस्था बहाल करने पर चर्चा की।

महाविद्यालय के क्रीड़ा मैदान में दो दिवसीय संतमत सत्संग का समापन

बनमनखी पूर्णिया आससे। बनमनखी अनुमंडल अंतर्गत गोरेलाल मेहता महाविद्यालय बनमनखी के क्रिडा मैदान में दो दिवसीय संतमत सत्संग का शुभारंभ हुआ। दूसरे दिन





आयोजन स्थल पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। दूर-दराज के एंव आसपास के जिले और गांवों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने सत्संग में भाग लेकर आध्यात्मिक प्रवचन सुने। कार्यक्रम को लेकर पूरे जिला में उत्साह का माहौल बना रहा।

महर्षि मेंहीं आश्रम सबौर भागलपुर से सत्संग में मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य स्वामी वेदानन्द जी महाराज शामिल हुए। उनके आगमन पर श्रद्धालुओं ने उत्साह में काफी उत्साह रहास्वामी वेदानन्द जी महाराज संतमत परंपरा के संत प्रियनाथ बाबा ने अपने प्रवचन में श्रोताओं को आत्मिक शांति का मार्ग बताया। उन्होंने कहा कि भक्ति ही मुक्ति का मार्ग है। जन्म और मृत्यु के बंधन से मुक्ति के लिए भक्ति आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सत्संग के बिना विवेक का जागरण नहीं होता। बिना विवेक के आत्मज्ञान की प्राप्ति असंभव है। कार्यक्रम प्रमुख शशिशेखर कुमार ने कहा कि कार्यक्रम अंतिम दिन दोपहर से शाम तक भजन-कीर्तन और उपदेश का क्रम चलता रहा। संतमत संप्रदाय के अन्य वक्ताओं ने धर्म, साधना और सद्गति पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सभी कार्यकर्ता सैवा सुरक्षा में लगे रहे। वहीं मौके पर श्रीनगर आश्रम से पुन्य अमितानंद जी महाराज, स्वामी अर्जुन बाबा,निरंजन बाबा,गुरू शरण सुमन बाबा, मनोज बाबा श्रद्धालुओं को अपने प्रवचनों से सत्य मार्ग पर चलने की सीख दी। इस मौके पर अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विशाल कुमार नगर मंत्री प्रहलाद कुमार, कुदंन कुमार,बीरेंद्र बाबा,राजकुमार भगत, समाजिक कार्यकर्ता शिवशंकर तिवारी,खंड कार्यवाह अमित कुमार,आनंदी प्रसाद मंडल, कुमार गौरव, नित्यानंद राम, प्रो दिनेश सर देवनारायण यादव, मंच संचालन नितेश कुमार,ने की आदी स्वयंसेवक भी कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाएं।

भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या– 01, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या– 56 वर्ष 2026–27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या– 01, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 12.11.2026 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 13.11.2026 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 13.11.2026 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना।
(ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल संख्या– 01, पटना।
(ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय)	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	Renovation of Bathroom and Sanitary Installation, Water Supply Work in Bathroom in Ministry of Electronics & Information Technology (NIC) 1st Floor of NIC Building in the Campus of Soochna Bhawan, Patna For the Year 2026-27.	2.30	4,600=00	500=00	01 माह

8. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या– 01, पटना

PR. No. 014751 (BCD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

छठ पर्व से पहले नगर परिषद की तैयारी, 10 करोड़ के घाट सौंदर्यीकरण पर पार्षदों ने उठाये सवाल

किशनगंज (आससे)। दीपावली और छठ महापर्व को लेकर किशनगंज शहर में साफ-सफाई, रोशनी और नागरिक सुविधाओं की व्यवस्था दुरुस्त करने की कवायद तेज हो गई है।



हालांकि, छठ घाटों के सौंदर्यीकरण पर करीब 10 करोड़ रुपये खर्च होने के बावजूद कार्य की प्रगति को लेकर नगर परिषद बोर्ड की बैठक में सवाल उठे। पार्षदों ने जल संसाधन विभाग के कार्यों पर असंतोष जताते हुए इसकी प्रगति पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत बताई।

बुधवार को मुख्य पार्षद इंद्रदेव पासवान की अध्यक्षता में आयोजित नगर परिषद बोर्ड की बैठक में दीपावली और छठ पूजा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में छठ महापर्व के दौरान शहर के सभी घाटों पर व्रतियों और श्रद्धालुओं के लिए जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। घाटों की सफाई, पहुंच पथ की मरम्मत, बिजली, पर्याप्त रोशनी और पेयजल की व्यवस्था समय रहते पूरी करने पर जोर दिया गया।

पार्षदों ने कहा कि छठ किशनगंज का प्रमुख लोक आस्था का पर्व है। इस दौरान हजारों व्रती और श्रद्धालु विभिन्न घाटों पर अर्घ्य देने पहुंचते हैं। ऐसे में घाटों पर किसी तरह की अव्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। नगर परिषद को सभी घाटों का समय रहते निरीक्षण कर साफ-सफाई से लेकर प्रकाश और अन्य बुनियादी सुविधाओं की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।

दीपावली को लेकर भी शहर की सफाई और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्णय लिया गया। पर्व के दौरान सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और प्रमुख चौक-चौराहों पर सफाई तथा रोशनी की व्यवस्था को प्राथमिकता देने पर चर्चा हुई। बैठक में जल संसाधन विभाग की ओर से करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से नदी की सफाई और घाटों के सौंदर्यीकरण के लिए कराए जा रहे कार्यों का मुद्दा खासा चर्चा में रहा। पार्षदों ने कार्य की प्रगति पर असंतोष जताते हुए कहा कि इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद काम अपेक्षा के अनुरूप संतोषजनक ढंग से पूरा नहीं हो सका है। इस मामले में छठ पूजा संपन्न होने के बाद नदी की सफाई और घाटों के सौंदर्यीकरण के लिए नए सिरे से कार्ययोजना तैयार करने का प्रस्ताव लिया गया। साथ ही संबंधित कार्यों की वास्तविक स्थिति पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता जताई गई।

बैठक में उपमुख्य पार्षद निखत प्रवीण, जमशेद आलम, मो. कलीमुद्दीन, देवेन यादव, सुशांत गोप, गायत्री साहा, अंजार, अमित त्रिपाठी, रीना देवी, शहनाज बेगम, आशा देवी सहित अन्य पार्षद उपस्थित थे। बैठक में शहर की नागरिक सुविधाओं और विकास योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा हुई।

अनियंत्रित डीसीएम ने वाहन में मारी टक्कर, चालक-उपचालक घायल

कुरसेला (कटिहार) आससे। थाना क्षेत्र के देवीपुर बिषहरी मंदिर के समीप देर शाम एक अनियंत्रित डीसीएम ने आगे चल रहे वाहन में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में डीसीएम का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि चालक और उपचालक को मामूली चोटें आईं।जानकारी के अनुसार, देवीपुर मालियाबाड़ी के समीप डीसीएम तेज गति से जा रहा था। इसी दौरान चालक का वाहन पर से नियंत्रण हट गया और उसने आगे चल रहे वाहन में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दूसरा वाहन मौके से आगे निकल गया, जबकि डीसीएम क्षतिग्रस्त हो गया।स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालक और उपचालक को निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया। दोनों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

आग से बचाव की छात्राओं को दी गयी जानकारी

अमदाबाद (कटिहार) आससे। अमदाबाद प्रखंड के प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में बुधवार को अग्निशमन कर्मियों द्वारा आग लगी से बचाव हेतु छात्राओं को मॉक ड्रिल कर जागरूक किया गया। इस दौरान आग से बचने हेतु बिभीन्न जानकारियां विस्तार पूर्वक दी गई। अग्निशमन कर्मियों ने मॉक ड्रिल के माध्यम से बताया कि यदि फूस का घर हो तो उसके दीवाल को मिट्टी से लेप करके रखें, आग बुझाने के लिए घर के अंदर बोरे में बालू भरकर या मिट्टी भरकर रखें, आग लगने पर सर्वप्रथम ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास करें। शॉर्ट सर्किट



की आग से बचने के लिए बिजली वायरिंग की समय पर मरम्मत करा लें। अगर कपड़े में आग लगे तो जमीन पर लुढ़क कर आग बुझाने का प्रयास करें साथ ही यह भी बताया गया कि मोमबत्ती या दीपक, लालटेन इत्यादि को ऐसी जगह पर न रखें जहां से गिरकर आग लगने की संभावना हो। कटनी के बाद खेत में छोड़े गये डंठलों में आग नहीं लगायें घर में किसी भी उत्सव के दौरान टेंट के नीचे से बिजली के तार ना ले जाएं, जलती हुई माचिस बीड़ी, सिगरेट को इधर-उधर ना फेंकें ।सार्वजनिक स्थलों बस या ट्रेन में ज्वलनशील पदार्थ लेकर ना चलें। इसके अलावा भी अन्य आवश्यक बातों की जानकारी दी गई कार्यक्रम को अग्निशामालय मनिहारी के प्रअ राजेश कुमार भारती, अरविंद कुमार, अर्पिता कुमारी, कुंदन कुमार इत्यादि शामिल थे। अग्निशमन कर्मियों ने मौजूद छात्राओं से कहा कि यहां पर मिली जानकारी को अपने घर एवं आसपास के लोगों के साथ भी साझा करना है। ताकि लोग इसके प्रति जागरूक हो सकें। एवं आग लगी जैसी घटना पर विराम लग सके या आग लगने की स्थिति में कम से कम नुकसान हो।आग लगने की स्थिति में 7485 805970, 7 485 80597 1 पर तुरंत कॉल करें।

बिहार सरकार

कार्यालय :– कार्यपालक अभियंता,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
प्रमंडल, पूर्णिया
E-mail ID:- fcdpurnea@gmail.com
अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 03/2026–27
पत्रांक. 2272

1. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि :– दिनांक 31.10.2026
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, पूर्णिया।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 19.11.2026 से दिनांक 21.11.2026 तक (कार्यालय कार्य अवधि में)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 23.11.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक।
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 23.11.2026 को अपराह्न 3:30 बजे ।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री एवं प्राप्ति का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, पूर्णिया।
2. अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण अंचल, पूर्णियाँ।
3. मुख्य अभियंता,बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग कटिहार।
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि :– तिथि एवं समय बाद में निर्धारित किया जायेगा।
8. निविदा की वैधता की अवधि :– निविदा प्राप्ति के 120 दिन तक।
9. कार्य की विवरणी :–

ग्रुप सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यपर्णीय) (रू० में)	कार्य समाप्ति की अवधि	अभियुक्ति
1	2	3	4	5	6	7
01	आवासीय भवनों एवं आवासीय परिसरों के वार्षिक संधारण /संचालन कार्य।	4.08000	8200	750.00	15.01.2027	पूर्णिया जिला के स्थानीय अभिकर्ता हेतु
02	आवास का प्रकार डी, ई तथा आई का त्रैवार्षिक मरम्मती / रंग रोगन कार्य।	10.35000	20700	2500.00	15.01.2027	पूर्णिया जिला के स्थानीय अभिकर्ता हेतु
03	निरीक्षण भवन पूर्णिया, महानंदा शिविर, जनता चौक, पूर्णिया, पिन–854301 का वार्षिक संपोषण एवं रख रखाव कार्य।	2.00	4000	500.00	15.01.2027	पूर्णिया जिला के स्थानीय अभिकर्ता हेतु

10. निविदा के नियमों, शर्तों एवं विशेष जानकारी के लिये अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य अवधि में अथवा मोबाईल संख्या 7463889220 पर सम्पर्क किया जा सकता है।
विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
बाढ़ नियंत्रण जल निस्सरण
प्रमंडल, पूर्णिया
मोबाईल नं0:–7463889220

PR. No. 014750 (WRD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।